# RASA2Z.COM

**राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएँ संयुक्त प्रतियोगी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2026**

**महत्वपूर्ण परीक्षा निर्देश (Official Pre-Exam Scheme):**

- प्रारम्भिक परीक्षा में केवल एक प्रश्न-पत्र होगा जो पूर्णतः वस्तुनिष्ठ (Objective Type) होगा।
- अधिकतम अंक: 200 अंक | समयावधि: 3 घण्टे
- प्रश्नों की कुल संख्या: 150 बहुविकल्पीय प्रश्न (All questions carry equal marks).
- ऋणात्मक अंकन (Negative Marking): प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक काटा जाएगा।
- यह परीक्षा केवल एक स्क्रीनिंग टेस्ट है, इसके अंक मुख्य परीक्षा या अंतिम मेरिट सूची में नहीं जोड़े जाएंगे।

| | |
|---|---|
| **परीक्षा का नाम** | RAS/RTS संयुक्त प्रतियोगी (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2026 |
| **प्रश्न-पत्र का विषय** | सामान्य ज्ञान और सामान्य विज्ञान (General Knowledge & General Science) |
| **आयोग का नाम** | राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC), अजमेर |

## 1. राजस्थान का इतिहास, कला, संस्कृति, साहित्य, परम्परा एवं विरासत

- **राजस्थान के प्रागैतिहासिक स्थल:** पुरापाषाण काल से लेकर ताम्रपाषाण काल तक तथा कांस्य युग का विस्तृत अध्ययन।
- **प्राचीन राजस्थान:** प्रारंभिक ईस्वी काल के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक केंद्र, प्राचीन राजस्थान में समाज, धर्म एवं संस्कृति का स्वरूप।
- **राजस्थान इतिहास के प्रमुख स्रोत:** पुरातात्विक स्रोत, अभिलेखीय सामग्री, साहित्यिक कृतियाँ एवं मुद्राशास्त्रीय (सिक्के) साक्ष्य।
- **प्रमुख राजवंश एवं शासक:** गुहिल, प्रतिहार, चौहान, परमार, राठौड़, सिसोदिया और कच्छावा राजवंश के महत्वपूर्ण शासकों की राजनीतिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियाँ।
- **मध्यकालीन प्रशासनिक व्यवस्था:** मध्यकालीन राजस्थान में प्रशासनिक ढांचा तथा भू-राजस्व (Revenue) व्यवस्था।
- **आधुनिक राजस्थान का उदय:** 18वीं-19वीं शताब्दी के दौरान राजनीतिक और सामाजिक स्थिति; 20वीं शताब्दी में किसान आंदोलन, आदिवासी आंदोलन; प्रजा मंडल आंदोलन एवं जन जागृति।
- **राजस्थान का एकीकरण:** विभिन्न चरणों में राजस्थान के संघ निर्माण की पूरी प्रक्रिया।
- **स्थापत्य परंपराएँ:** मंदिर, किले, महल, स्मारक, मानव निर्मित ऐतिहासिक जलाशय, चित्रकला की विभिन्न शैलियाँ और हस्तशिल्प।
- **प्रदर्शन कलाएँ:** राजस्थान के लोक नृत्य, लोक नाटक, शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत एवं पारंपरिक वाद्ययंत्र।
- **भाषा एवं साहित्य:** राजस्थानी भाषा की प्रमुख बोलियाँ, राजस्थानी भाषा का उद्भव, विकास, समृद्ध साहित्य और लोक साहित्य।
- **धार्मिक जीवन:** राजस्थान में धार्मिक समुदाय, प्रमुख संत, संप्रदाय, लोक देवता, लोक देवियाँ एवं महत्वपूर्ण धार्मिक प्रथाएँ।

- **सामाजिक जीवन:** प्रमुख मेले, त्यौहार, सामाजिक रीति-रिवाज, परंपराएँ, पारंपरिक वेशभूषा एवं आभूषण।
- **प्रमुख व्यक्तित्व:** राजस्थान के इतिहास और विकास में योगदान देने वाले प्रमुख ऐतिहासिक एवं आधुनिक व्यक्तित्व।

## 2. भारत का इतिहास (History of India)

### प्राचीनकाल एवं मध्यकाल:

- **भारत के सांस्कृतिक आधार:** सिंधु घाटी सभ्यता एवं वैदिक युग; छठी शताब्दी ईसा पूर्व के धार्मिक विचार - आजीवक संप्रदाय, बौद्ध धर्म एवं जैन धर्म।
- **प्रमुख राजवंश एवं शासक:** मौर्य, कुषाण, सातवाहन, गुप्त, चालुक्य, पल्लव और चोल राजवंश के प्रमुख शासकों की उपलब्धियाँ।
- **प्राचीन भारत में विकास:** प्राचीन काल में कला, स्थापत्य कला, साहित्य एवं वैज्ञानिक प्रगति।
- **भारतीय ज्ञान एवं मूल्य व्यवस्था:** वर्णाश्रम व्यवस्था, पुरुषार्थ की अवधारणा, संस्कार, प्रमुख दर्शन एवं प्राचीन शिक्षा व्यवस्था।
- **सल्तनत काल:** प्रमुख सुल्तान और उनके राजवंशों की उपलब्धियाँ; विजयनगर साम्राज्य की राजनीतिक और सांस्कृतिक उपलब्धियाँ।
- **मुगल काल:** मुगल प्रशासन, स्थापत्य, कला, साहित्य और उनकी विभिन्न महत्वपूर्ण नीतियां; मराठा साम्राज्य का उत्कर्ष।
- **मध्यकाल में सांस्कृतिक विकास:** कला, वास्तुकला, साहित्य, चित्रकला और संगीत का क्रमिक विकास।
- **धार्मिक आंदोलन:** भारत में भक्ति आंदोलन एवं सूफी आंदोलन का उद्भव, विकास और उनका सामाजिक-सांस्कृतिक योगदान।

### आधुनिक काल (प्रारम्भिक 19वीं शताब्दी से 2000 तक):

- **ब्रिटिश साम्राज्यवाद और प्रतिरोध:** 1857 का स्वतंत्रता संग्राम/विद्रोह; मराठा, मैसूर और सिखों का ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध प्रतिरोध।
- **ब्रिटिश नीतियां:** ब्रिटिश शासन की राजनीतिक, आर्थिक और प्रशासनिक नीतियां; उनका भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव।
- **राष्ट्रवाद का उदय:** सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलन (राजा राममोहन राय, दयानंद सरस्वती, विवेकानंद आदि)।
- **स्वतंत्रता संग्राम और भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन:** राष्ट्रीय आंदोलन का विकास, विभिन्न चरण, धाराएं और प्रमुख घटनाएं; क्रांतिकारी आंदोलन और विभिन्न क्षेत्रीय आंदोलन; स्वतंत्रता और विभाजन की परिस्थितियां।
- **स्वातंत्रोत्तर राष्ट्र निर्माण (वर्ष 2000 तक):** राज्यों का भाषाई पुनर्गठन, नेहरू युग में सांस्थानिक निर्माण, आर्थिक योजना एवं आर्थिक सुधार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का विकास।

## 3. विश्व एवं भारत का भूगोल

### विश्व का भूगोल:

- **भौतिक स्वरूप:** विश्व के प्रमुख पर्वत, पठार, मैदान एवं मरुस्थल।
- **जलतंत्र:** विश्व की प्रमुख नदियाँ एवं महत्वपूर्ण झीलें।

- **प्राकृतिक वनस्पति:** वैश्विक वनस्पति के प्रकार और उनका वितरण।
- **कृषि:** कृषि के विभिन्न प्रकार, उनका वैश्विक वितरण तथा प्रमुख फसलें।
- **उद्योग:** विश्व के प्रमुख औद्योगिक प्रदेश तथा प्रमुख उद्योग।
- **परिवहन:** वैश्विक परिवहन तन्त्र और प्रमुख मार्ग।
- **पर्यावरणीय मुद्दे:** मरुस्थलीकरण, वनोन्मूलन, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग (वैश्विक तापन) एवं ओजोन अवक्षय।

### भारत का भूगोल:

- **भौतिक स्वरूप:** भारत के प्रमुख भौतिक/भू-आकृतिक विभाग।
- **जलतंत्र व कृषि:** जलवायु की विशेषताएं, प्रमुख नदियाँ, झीलें, सिंचाई के साधन एवं कृषि (प्रमुख फसलें)।
- **खनिज संसाधन:** धात्विक और अधात्विक खनिजों का वितरण एवं भंडार।
- **उद्योग व परिवहन:** प्रमुख औद्योगिक प्रदेश, प्रमुख उद्योग और भारत का राष्ट्रीय परिवहन नेटवर्क।

### PDF आधारित राजस्थान का भूगोल:

- **भौतिक ढांचा:** राजस्थान की अवस्थिति, भौगोलिक विस्तार, भौतिक विभाग, नदियाँ, झीलें और जलवायु की प्रमुख विशेषताएं।
- **प्राकृतिक संसाधन:** प्राकृतिक वनस्पति, जैव विविधता तथा उनका संरक्षण, मृदा (मिट्टी) के प्रकार, कृषि व्यवस्था, पशुधन और सिंचाई परियोजनाएं।
- **जनसांख्यिकी:** जनसंख्या वृद्धि, घनत्व, साक्षरता दर, लिंगानुपात, नगरीकरण और राजस्थान की प्रमुख जनजातियाँ।
- **आर्थिक भूगोल:** धात्विक एवं अधात्विक खनिज संसाधन, और राजस्थान में पर्यटन का विकास।

## 4. भारतीय संविधान, राजनीतिक व्यवस्था और शासन

- **संविधान की नींव:** संविधान का निर्माण, संविधान की उद्देशिका (Preamble), नागरिकता के प्रावधान, मौलिक अधिकार, राज्य की नीति के निदेशक तत्व (DPSP) और मौलिक कर्तव्य।
- **संघीय सरकार:** संघीय कार्यपालिका (राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मंत्रिपरिषद), संघीय विधायिका (संसद) और संघीय न्यायपालिका (सर्वोच्च न्यायालय)।
- **संवैधानिक और विनियामक संस्थाएं:** भारत निर्वाचन आयोग, संघ लोक सेवा आयोग (UPSC), राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC), राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और नीति आयोग।
- **शासन और लोक नीति:** लोक नीति के सिद्धांत, नागरिक चार्टर (Citizen's Charter), सामाजिक अंकेक्षण (Social Audit), शिकायत निवारण प्रणाली, लोकपाल, केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) और केंद्रीय सूचना आयोग (CIC)।
- **स्थानीय शासन:** शहरी और ग्रामीण स्थानीय शासन (73वाँ व 74वाँ संविधान संशोधन)।

RASA2Z.COM

## 5. राजस्थान की राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था

- **राज्य स्तरीय राजनीति:** राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद की शक्तियां और कार्य; राजस्थान विधान सभा की संरचना।
- **न्यायिक व्यवस्था:** राजस्थान उच्च न्यायालय का गठन और क्षेत्राधिकार, अधीनस्थ न्यायालय एवं अन्य महत्वपूर्ण न्यायिक निकाय; महाधिवक्ता (Advocate General)।
- **प्रशासनिक ढांचा:** मुख्य सचिव, राज्य सचिवालय, विभिन्न विभागों के निदेशालय, संभागीय आयुक्त व्यवस्था, जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक, उप-खण्ड अधिकारी (SDO) और तहसीलदार।
- **राज्य स्तरीय आयोग:** राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC), राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान सूचना आयोग, राजस्थान राज्य महिला आयोग, राजस्व मंडल (Board of Revenue) व लोकायुक्त।
- **स्थानीय प्रशासन:** राजस्थान में पंचायती राज संस्थाएं एवं नगर पालिकाओं का प्रशासनिक ढांचा।

## 6. आर्थिक अवधारणाएँ एवं भारतीय अर्थव्यवस्था

- **आर्थिक अवधारणाएँ:** आर्थिक संवृद्धि और विकास; पर्यावरण क्षरण और सतत विकास (Sustainable Development); विकास के मापक - पारंपरिक माप, मानव विकास सूचकांक (HDI) और अन्य संबंधित सूचकांक।
- **वित्तीय नीतियां:** आर्थिक विकास में मौद्रिक नीति और राजकोषीय नीति की भूमिका; भारत सरकार का नवीनतम बजट और संसाधन संग्रहण; राजकोषीय संघवाद - केन्द्र-राज्य वित्तीय संबंध और वित्त आयोग।
- **प्रमुख क्षेत्र (Sectors):** कृषिगत विकास (संस्थागत और तकनीकी पहलू), भारतीय कृषि में सुधार, चुनौतियां और सरकारी पहल; औद्योगिक वृद्धि, स्वरूप, औद्योगिक नीति और आर्थिक सुधार (उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण - LPG)।
- **सेवा व अवसंरचना:** आर्थिक वृद्धि में सेवा क्षेत्र की भूमिका, चुनौतियां और अवसर; ऊर्जा, परिवहन और संचार अवसंरचना; कौशल विकास और रोजगार संवर्द्धन कार्यक्रम व नीतियां; सामाजिक न्याय और अधिकारिता।

## 7. राजस्थान की अर्थव्यवस्था

- **वृहत् परिदृश्य:** राजस्थान की अर्थव्यवस्था का वृहत् परिदृश्य और राज्य बजट की प्रमुख घोषणाएं।
- **क्षेत्रीय विकास:** कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र की मौजूदा स्थिति, प्रमुख मुद्दे, चुनौतियां और राज्य सरकार की पहल।
- **अवसंरचना व ग्रामीण विकास:** आधारभूत संरचना का विकास (ऊर्जा, परिवहन और संचार); ग्रामीण विकास योजनाएं, पंचायती राज व्यवस्था और राज्य वित्त आयोग की भूमिका।
- **सामाजिक क्षेत्र:** मूलभूत सामाजिक सेवाएं - शिक्षा और स्वास्थ्य का ढांचा; राजस्थान सरकार की मुख्य लोक-कल्याणकारी और सामाजिक सुरक्षा योजनाएं।

## 8. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

- **सामान्य विज्ञान:** दैनिक जीवन में विज्ञान के मूलभूत तत्व और अनुप्रयोग।

RASA2Z.COM

- **ICT:** कम्प्यूटर्स का कार्यप्रणाली, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (Information and Communication Technology)।
- **तकनीकी क्षेत्र:** रक्षा प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं उपग्रह कार्यक्रम (भारत के विशेष संदर्भ में)।
- **अत्याधुनिक विज्ञान:** नैनो-प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी एवं अनुवंशिक-अभियांत्रिकी (Genetic Engineering) के अनुप्रयोग।
- **मानव स्वास्थ्य व पोषण:** आहार एवं पोषण, रक्त समूह एवं Rh कारक; स्वास्थ्य देखभाल, संक्रामक, असंक्रामक एवं पशुजन्य (Zoonotic) रोग और राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम।
- **पर्यावरण:** पर्यावरणीय तथा पारिस्थितिकीय परिवर्तन एवं उनके प्रभाव का मूल्यांकन; जैव-विविधता का ह्रास, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एवं संधारणीय (सतत) विकास।
- **राजस्थान का संदर्भ:** राजस्थान के विशेष संदर्भ में कृषि विज्ञान, उद्यान-विज्ञान, वानिकी एवं पशुपालन; राजस्थान तथा भारत में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित प्रमुख सरकारी कार्यक्रम, नीतियां और स्वदेशीकरण।
- **वैज्ञानिक योगदान:** अभिनव वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी प्रगति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में प्रमुख भारतीय वैज्ञानिकों का योगदान।

## 9. तार्किक विवेचन एवं मानसिक योग्यता

### तार्किक दक्षता (निगमनात्मक, आगमनात्मक, अपवर्तनात्मक):

- कथन एवं मान्यताएं (Statements and Assumptions)
- कथन एवं तर्क (Statements and Arguments)
- कथन एवं निष्कर्ष (Statements and Conclusions)
- कथन-कार्यवाही (Courses of Action)
- विश्लेषणात्मक तर्कक्षमता / विवेचनात्मक तर्कक्षमता (Analytical and Critical Reasoning)

### मानसिक योग्यता:

- संख्या / अक्षर अनुक्रम (Number and Letter Series)
- कूटवाचन (कोडिंग-डीकोडिंग)
- संबंधों से संबंधित समस्याएं (Blood Relations)
- दिशा ज्ञान परीक्षण (Direction Sense Test)
- तार्किक वेन आरेख (Logical Venn Diagram)
- रैंकिंग एवं बैठक व्यवस्था (Ranking and Seating Arrangement)
- आकार और उनके उपविभाजन (Shapes and their Sub-divisions)

### आधारभूत संख्यात्मक दक्षता:

- अनुपात-समानुपात तथा साझा, लाभ एवं हानि, प्रतिशत, साधारण एवं चक्रवृद्धि ब्याज।

RASA2Z.COM

- समतलीय चित्रों के परिमाप एवं क्षेत्र (Perimeter and Area of Plane Figures)।
- आंकडों का विश्लेषण (सारणी, दण्ड-आरेख, रेखीय आलेख, पाई-चार्ट)।
- माध्य (समांतर, गुणोत्तर एवं हरात्मक), माध्यिका एवं बहुलक।
- क्रमचय एवं संचय (Permutations and Combinations) तथा प्रायिकता से जुड़ी सरल समस्याएं (Probability).

## 10. समसामयिक घटनाएँ एवं मुद्दे (Current Affairs)

- **वैश्विक व राष्ट्रीय स्तर:** राजस्थान, भारतीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय महत्व की प्रमुख समसामयिक घटनाएं, समकालीन मुद्दे, चर्चित स्थल और महत्वपूर्ण व्यक्तित्व।
- **योजनाएं:** राज्य व केंद्र सरकार की लोक-कल्याण और विकास से संबंधित नई योजनाएँ, कार्यक्रम और नवीन पहल।
- **खेलकूद:** खेल और क्रीड़ा से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाएँ, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएं एवं खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ।
- **पुरस्कार व साहित्य:** प्रमुख राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार, नवीन प्रकाशन और प्रतिष्ठित लेखक।
- **विशेष अधिनियम:** **"राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022"** का विस्तृत संदर्भ।

RASA2Z.COM